श्री ललन राम, माननीय स.वि.स. से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं.-18/2/2612 का उत्तर प्रतिवेदन	
प्रश्न	**उत्तर**
क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत पुनपुन नदी, होलया नदी, रामरेखा नदी, कंचन कररबार नदी, एवं ढुनढुनवा नदी में पानी के अभाव में हजारो हेक्टेयर भूमि कि सिंचाई नहीं हो पाती है , तथा फसल बर्बाद हो जाता है, यदी हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित नदियों में कब तक सोन नदी से लिफ्ट सिंचाई के माध्यम से पाईप द्वारा पानी डालकर सिंचाई कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?	नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत प्रश्नगत नदियाँ बरसाती नदी है। वर्तमान में नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत हुलिया नदी पर ग्राम शिव सागर के निकट, कररवार नदी पर ग्राम गजना के निकट एवं पुनपुन नदी पर ग्राम मनसारा के निकट पूर्व से वियर निर्मित है, जिसके द्वारा नहरों के माध्यम से 805 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त सोन नदी के सहायक नदी, उत्तर कोयल नदी, में मोहम्मदगंज बराज से निःसृत उत्तर कोयल मुख्य नहर एवं इसके वितरणियों के माध्यम से नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत 16425 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में उत्तर कोयल जलाशय योजना अंतर्गत नहरों का पुनर्स्थापन एवं लाईनिंग कार्य प्रगति पर है। कार्य पूर्ण होने के उपरांत नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत लगभग 16900 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। वर्तमान में नवीनगर प्रखण्ड अन्तर्गत प्रश्नगत नदियों में सोन नदी से लिफ्ट सिंचाई के माध्यम से पाईप द्वारा पानी डालकर सिंचाई कराने का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

V

बिहार सरकार

<u>जल संसाधन विभाग</u>

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–07 / 2026 पटना / दिनांक :.......................

प्रतिलिपिः– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 2612 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–07 / 2026 पटना / दिनांक :.......................

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–07 / 2026 पटना / दिनांक :.......................

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–03–07 / 2026 1813 पटना / दिनांक 6/4/26

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/4/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव